समाचार

# निर्माणाधीन वर्किंग वूमेन हास्टल होगा सुविधाओं से सुसज्जित

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने किया निरीक्षण, विभिन्न अतिरिक्त सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश)




कोरबा 31 जुलाई 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा फलोद्यान के पीछे निर्मित कराए जा रहे वर्किंग वूमेन हास्टल विभिन्न सुविधाओं से सुसज्जित होगा तथा खेलकूद, पठन–पाठन, उद्यानिकी सहित अन्य विभिन्न सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। आज आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन वर्किंग वूमेन हास्टल का निरीक्षण तथा विभिन्न सुविधाओं के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कदम उठाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद से निहारिका फलोद्यान के पीछे 07 करोड़ 93 लाख रूपये की लागत से वर्किंग वूमेन हास्टल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। इस चार मंजिला हास्टल भवन में 96 कमरे बनाए गए हैं तथा हाल, किचन, बरामदा, वाशिंग एरिया एवं सभी कमरों में लेट–बाथ का निर्माण कराया गया है। आज आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने भवन का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने हास्टल परिसर में सौदर्यीकरण के मद्देनजर रायलपाम, चम्पा सहित अन्य पौधों का रोपण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि चूंकि इस हास्टल में कामकाजी महिलाएं रहेंगी, तो चूंकि स्वाभाविक रूप से बच्चे भी रहेंगे, अतः बच्चों के खेलकूद के लिए आवश्यक सुविधाएं एवं स्थल का विकास करें, साथ ही बैंडमिंटन कोर्ट, उद्यान, रीडिंग रूम, लाईब्रेरी हाल तथा इंडोर गेम की सुविधाएं भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आयुक्त श्री शर्मा ने हास्टल में निर्मित किए गए कमरों, हाल, बरामदा, सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया तथा बेहतर व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**विवेकानंद उद्यान का निरीक्षण**– आयुक्त श्री शर्मा ने विवेकानंद उद्यान का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने मिनी ट्रेन का मरम्मत कार्य, व्हेवपूल, वाटर पार्क, मेरी–गो राउण्ड आदि का मरम्मत कराने तथा उन्हें पुनः संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए, इसके साथ ही कैफेटेरिया कम पार्किंग का आक्शन करने हेतु अधिकारियों को निर्देश किया। उन्होने कहा कि उद्यान के सौदर्यीकरण को और अधिक बेहतर स्वरूप देने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण करें तथा विद्युत व लाईटिंग संबंधी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने कोहडिया स्थित निगम के विभिन्न क्षमता

वाले जलउपचार संयंत्रों का निरीक्षण किया, जलउपचार संयंत्र की कार्यप्रक्रियाओं का जायजा लिया तथा उनकी बेहतरी के लिए अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

**शराब दुकान के पास भारी गदंगी, जाहिर की गहरी नाराजगी**— भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा लालघाट स्थित देशी तथा अंग्रेजी मदिरा दुकानों तथा वहां पर लगाए गए चखना दुकानों के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया, उक्त स्थल पर भारी मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल, प्लास्टिक बोतल तथा अन्य अपशिष्ट बिखरे पड़े थे, जिस पर आयुक्त श्री शर्मा ने गहरी नाराजगी जाहिर की तथा मदिरा दुकानों एवं चखना दुकानों के संचालकों से व्यवस्थाओं को सुधारने, बिखरे हुए प्लास्टिक अपशिष्ट को साफ कराने के कड़े निर्देश दिए तथा कहा कि दोबारा निरीक्षण के दौरान यदि इस तरह की गदंगी पाई जाती है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी।

**सड़क पर गढ्डे, ठेकेदार को नोटिस**—भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा गौमाता चौक के आगे बरबसपुर तक कुछ माह पूर्व बनाई गई सड़क का निरीक्षण किया। उक्त नवनिर्मित सड़क के एक स्थान पर गढ्डा हो जाने को गंभीरता से लेते हुए उन्होने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने व तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**एस.ई.सी.एल.सफाई ठेकेदार को अर्थदण्ड**— राताखार बाईपास रोड पर सड़क के किनारे एस.ई.सी.एल. के सफाई ठेकेदार द्वारा ट्रेक्टर के माध्यम से भारी मात्रा में कचरा लाकर डम्प किया जा रहा था। आयुक्त श्री शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए उक्त सफाई ठेकेदार पर 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि भविष्य में सड़क के किनारे कचरे की डम्पिंग नहीं होगी।

भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, आर.के.चौबे, एम.एन.सरकार, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, राहूल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।